



# प्रशासन की प्राथमिकता सामाजिक सद्भाव और सुरक्षा सुनिश्चित करना : जिलाधीश

**नवभारत न्यूज**

**दतिया, 19 जून।** आगामी मोहर्रम त्यौहार को सफल व शांतिपूर्ण तरीके से मनाए जाने के लिए आज कलेक्टर स्वप्निल वानखडे की अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित की गई। बैठक के दौरान शांति समिति के सदस्य और अन्य संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

कलेक्टर श्री वानखडे ने बैठक को सम्बोधित करते हुए कहा कि मोहर्रम जैसे सांविधानिक और सांस्कृतिक आयोजनों में प्रशासन की प्राथमिकता सामाजिक सद्भाव और सुरक्षा सुनिश्चित करना है। उन्होंने कहा कि हर समुदाय को शांतिपूर्वक अपने धार्मिक कृत्यों का पालन करने का पूर्ण अधिकार है और प्रशासन का दायित्व है कि सभी की सुरक्षा सुनिश्चित हो। उन्होंने सभी संबंधित विभागों को सख्त निर्देश दिए कि वे समन्वित रूप से कार्य करें। बैठक के दौरान पुलिस अधीक्षक खंडेलवाल ने समस्त अधिकारियों को जुलूस मार्ग पर सयुक्त रूप से भ्रमण कर स्थिति का जायजा लेते हुए व्यवस्थाये करने के निर्देश दिए।




साथ ही मॉक ड्रिल और अतिरिक्त पेट्रोलिंग को फोकस करते हुए मुख्य जुलूस मार्गों, तंग गलियों तथा भीड़ भरे स्थानों पर अतिरिक्त बल तैनात करने के निर्देश दिए। अपर कलेक्टर श्री कवचे ने समिति सदस्यों को निर्देशित करते हुए कहा कि जुलूस के दौरान डीजे पर कोई भी आपत्तिजनक धुन/ गाना ना बजाया जाये। साथ ही डीजे की आवाज प्राप्त अनुमति के अनुसार ही रहे यह भी सुनिश्चित किया जाए।

## नाबालिग से दुष्कर्म का आरोपी 24 घंटे में गिरफ्तार,

**इन्दरगढ़,19 जून।** थाना इन्दरगढ़ पुलिस ने नाबालिग बालिका से दुष्कर्म के मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को महज 24 घंटे के भीतर गिरफ्तार कर लिया। पुलिस की इस कार्रवाई को जिले में गंभीर अपराधों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान की बड़ी सफलता माना जा रहा है। थाना प्रभारी निरीक्षक गौरव शर्मा के नेतृत्व में गठित टीम ने आरोपी की तलाश शुरू की।

पुलिस के अनुसार 17 जून को पीड़िता ने शिकायत दर्ज कराई थी कि ग्राम लोधीपुरा निवासी ने उसके साथ दुष्कर्म किया है। मामला दर्ज होते ही पुलिस ने आरोपी की तलाश शुरू कर दी। विवेचना के दौरान 18 जून को पुलिस ने ग्राम लोधीपुरा में दबिश देकर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपी को न्यायालय में पेश किया जा रहा है, जहां से आगे की वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

# नुक्कड़ सभाएं व आमसभा करेगी कांग्रेस

**नवभारत न्यूज**

**दतिया, 19 जून।** जिला कांग्रेस कार्यालय जवाहर भवन पर जिला कांग्रेस कांग्रेस कमेटी द्वारा शुकवार को बैठक आयोजित हुई जिसमें वरिष्ठ कांग्रेस नेता एवं कार्यकर्ता के सुझाव मिले जिसमें निर्णय लिया गया कि आगामी दिनों में भाजपा सरकार की गलत नीतियों और स्थानीय जनसमस्याओं के खिलाफशहर के किला चौक पर विशाल जंगी आमसभा एवं दतिया विधानसभा के प्रत्येक ग्रामीण क्षेत्रों में पहुंचकर ग्रामीण जनों के बीच कांग्रेस द्वारा भाजपा सरकार की नीतियों और स्थानीय जनसमस्याओं के खिलाफ नुक्कड़ सभाओं का आयोजन किया जाएगा जिसमें वरिष्ठ कांग्रेस नेता एवं देवतुल्य कांग्रेस कार्यकर्ता संबोधित करेंगे !



यात्रा में प्रमुख मुद्दे कांग्रेस नेताओं के अनुसार, शहर में चरमराई कानून व्यवस्थाओं, पेयजल संकट, दूषित पानी की आपूर्ति,सीवर लाइन में अनियमितताओं, जिले में बढ़ते भ्रष्टाचार रेत अवैध उत्खनन, जिले में किसानों को यूरिया एवं डीएपी खाद किल्लत,पुलिस द्वारा चेकिंग के नाम पर अवैध वसूली, जिले में बिजली विभाग द्वारा जबरन स्मार्ट मीटर लगाए जा रहे, शहर में घूमते आबरा साड़ों और बढ़ती आपराधिक घटनाओं (लूट व हत्या) जिले में खुले आम नशा का बढ़ता कारोबार, एवं जुआ सट्टा,आदि जिले की जनसमस्याओं को लेकर कांग्रेस निकली आपकी कांग्रेस आपके द्वार यात्रा बैठक में मुख्य रूप से पूर्व विधायक घनश्याम सिंह, जिला कांग्रेस अध्यक्ष अशोक दांगी बगदा, वरिष्ठ कांग्रेस नेता अवधेश नायक, जिला कांग्रेस संगठन महासचिव नरेन्द्र गुर्जर, मुकेश यादव, आशीष तिवारी, राहुल एवं जिला मीडिया प्रभारी अशोक श्रीवास्तव आदि कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## एक नजर में



### सीता सागर तालाब पर चला स्वच्छता अभियान

**दतिया, 19 जून।** विश्व पर्यावरण दिवस से 21 जून अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस तक चलाए जा रहे विशेष जनजागरूकता अभियान के तहत शुक्रवार को जिले में पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छता एवं योग को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। नगर पालिका दतिया एवं जन अभियान परिषद के संयुक्त तत्वावधान में दतिया नगर स्थित सीता सागर तालाब पर स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस अवसर पर विधायक सेवढ़ा प्रदीप अग्रवाल, कलेक्टर स्वप्निल वानखेड़े, नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि प्रशांत ढेंगुला सहित जनप्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता, अधिकारी एवं कर्मचारियों ने सहभागिता कर स्वच्छता का संदेश दिया।




### अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर योगाभ्यास आयोजित

**दतिया, 19 जून।** उच्च शिक्षा विभाग, मध्यप्रदेश शासन के निर्देशानुसार शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दतिया में आगामी अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के सफल आयोजन की तैयारी के अंतर्गत योगाभ्यास कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का आयोजन महाविद्यालय की एनसीसी, एनएसएस, ईको क्लब एवं खेल विभाग के संयुक्त तत्वावधान में किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. जयश्री त्रिवेदी ने की। अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में उन्होंने कहा कि योग भारतीय संस्कृति की अमूल्य धरोहर है, जो शारीरिक, मानसिक एवं आध्यात्मिक स्वास्थ्य को सुदृढ़ बनाता है। विद्यार्थियों को स्वस्थ एवं अनुशासित जीवन के लिए योग को अपनी दैनिक दिनचर्या का हिस्सा बनाना चाहिए।इस अवसर पर विद्यार्थियों को विभिन्न योगासनों एवं प्राणायामों का अभ्यास कराया गया। कार्यक्रम में योगाभ्यास में उत्कृष्ट सहभागिता करने वाले विद्यार्थियों को प्रमाण-पत्र भी वितरित किए गए।

### एक शस्त्र लायसेंस निलंबित

**दतिया, 19 जून।** पुलिस अधीक्षक दतिया के प्रतिवेदन के आधार पर जिला मजिस्ट्रेट स्वप्निल वानखड़े द्वारा आयुध अधिनियम 1959 की धारा - 17(3) में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए लाइसेंसधारी आदराम यादव पुत्र श्री रामसेवक यादव निवासी ग्राम पहाड़ी थाना अतरैंटा द्वारा शस्त्र लायसेंस की शर्तो का उल्लंघन किये जाने तथा लायसेंसी शस्त्र से क्षेत्र में दशहत फैलाने का कृत्य किये जाने तथा लायसेंसधारी पर अधिरोपित अपराधि प्रकरण के अंतिम निराकरण तक की अवधि के लिए शस्त्र लायसेंस निलंबित किया गया है।

# पिता ने बेटी पर कुल्हाड़ी से किया हमला

**उनाव, 19 जून।** जिले के थाना उनाव क्षेत्र में पारिवारिक विवाद के चलते एक युवती पर उसके पिता द्वारा कुल्हाड़ी से हमला किए जाने का मामला सामने आया है। घटना में युवती गंभीर रूप से घायल हो गई, जिसे पुलिस की मदद से उपचार के लिए जिला चिकित्सालय दतिया में भर्ती कराया गया है।

जानकारी के अनुसार घायल युवती की पहचान रानी दोहरे (24 वर्ष) निवासी उनाव के रूप में हुई है। बताया गया है कि युवती अक्सर बिना बताए घर से कहीं भी चली जाती थी, जिससे उसके पिता प्रकाश दोहरे (55 वर्ष) नाराज रहते थे। मंगलवार को इसी बात को लेकर दोनों के बीच विवाद हो गया। परिजनों के अनुसार पिता द्वारा समझाने और रोकने पर युवती आक्रोशित हो गई, जिसके बाद विवाद बढ़ गया इसी दौरान गुस्से में आकर पिता ने कुल्हाड़ी से हमला कर दिया, जिससे युवती घायल हो गई। घटना की सूचना मिलते ही थाना उनाव पुलिस मौके पर पहुंची और घायल युवती को तत्काल जिला अस्पताल भिजवाया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। घटना के संबंध में दोनों पक्षों से पूछताछ की जा रही है तथा चिकित्सकीय रिपोर्ट के आधार पर आगे की वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

# अवैध हथियार सहित युवक गिरफ्तार

**नवभारत न्यूज**

**सेंवढ़ा, 19 जून।** पुलिस अधीक्षक मयूर खण्डेलवाल के निर्देशन एवं अति. पुलिस अधीक्षक सुनील शिवहरे तथा एसडीओपी अजय चानना के मार्गदर्शन में थाना सेवढ़ा पुलिस द्वारा जिले में कानून-व्यवस्था बनाए रखने, अपराधों की रोकथाम तथा अवैध हथियार रखने वाले असामाजिक तत्वों के विरुद्ध लगातार प्रभावी कार्यवाही की जा रही है।



थाना प्रभारी सेवढ़ा को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि एक युवक रामपुरी मोड़ स्थित प्रतीक्षालय, सेवढ़ा पर कमर में अवैध देशी कट्टा लगाकर किसी गंभीर वारदात को अंजाम देने की नियत से बैठा हुआ है। सूचना की गंभीरता को देखते हुए तत्काल थाना प्रभारी के नेतृत्व में पुलिस टीम गठित कर बताए गए स्थान पर पहुंचकर योजनाबद्ध तरीके से घेराबंदी की गई। पुलिस टीम को अपनी ओर आते देख उक्त युवक ने मौके से भागने का प्रयास किया, किंतु पुलिस बल की तत्परता एवं सूझबूझ से उसे

**घेराबंदी कर पकड़ा आरोपी :** पकड़े गए युवक से नाम-पता पूछने पर उसने अपना नाम ऋषभ उर्फ मधुर वर्मा पुत्र संजय वर्मा, उम्र 20 वर्ष, निवासी वार्ड क्रमांक 7, शंकर कॉलोनी, सेवढ़ा होना बताया। आरोपी की तलाशी लेने पर उसकी कमर में लगा हुआ एक अवैध देशी कट्टा एवं एक जीवित कारतूस बरामद हुआ। आरोपी उक्त हथियार एवं कारतूस रखने संबंधी कोई वैध अनुज्ञप्ति (लाइसेंस) प्रस्तुत नहीं कर सका। पुलिस द्वारा मौके पर ही अवैध हथियार एवं कारतूस जप्त कर आरोपी को गिरफ्तार किया गया तथा उसके विरुद्ध आर्म्स एक्ट के प्रासंगिक प्रावधानों के अंतर्गत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना प्रारंभ की गई है।

कार्यवाही में निरी. सुनील बनौरिया, सउनि प्रेम सिंह इन्दौरिया, प्र.आर.204 नीरज शर्मा, प्र.आर.585 विनोद सेंगर, आर.202 राहुल शर्मा, आर.1010 देवेन्द्र गोयल, आर.चालक 616 चन्द्रकान्त की सराहनीय भूमिका रही।



## नवागत डीईओ वर्मा ने पदभार संभाला

**नवभारत न्यूज**

**दतिया, 19 जून।** जिले के नवागत जिला शिक्षा अधिकारी एस.के. वर्मा ने पदभार ग्रहण किया। इस दौरान उनका स्टाफ एवं शिक्षकों ने स्वागत किया। स्वागत के दौरान पूर्व जिला शिक्षा अधिकारी सुनील शुक्ला भी मौजूद रहे। आप सरल सहज स्वभाव के धनी हैं। आप एक लगनशील अधिकारी हैं। शिक्षा के क्षेत्र में गुणवत्ता बढ़े, विद्यार्थियों को बेहतर सुविधाएँ मिलें और शिक्षकों को प्रेरणा मिले यही आपकी कार्यशैली का मूल मंत्र रहा है।

# विकसित भारत की पहचान बनेगा नशामुक्त भारत : खरे

**नवभारत न्यूज**

**दतिया, 19 जून।** कलेक्टर स्वप्निल वानखड़े के निर्देशन में जिले भर में नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जन-जागरूकता फैलाने हेतु व्यापक अभियान संचालित किया जा रहा है। इसी क्रम में आज बम-बम महादेव क्षेत्र में नशा मुक्ति जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में नशा मुक्त भारत अभियान के जिला मास्टर ट्रेनर शैलेंद्र खरे, ने उपस्थित नागरिकों एवं मजदूर भाइयों को नशे के दुष्प्रभावों की जानकारी दी तथा नशा मुक्त समाज निर्माण का संकल्प दिलाया।




कार्यक्रम के दौरान बम-बम महादेव पर कार्यरत सभी मजदूरों के बीच नशा मुक्ति का संदेश पहुंचाया गया। उन्हें बताया गया कि नशा व्यक्ति के स्वास्थ्य, परिवार, आर्थिक स्थिति एवं सामाजिक जीवन पर प्रतिकूल प्रभाव डालता है। सभी मजदूरों से नशे से दूर रहने तथा अपने परिवार एवं समाज को भी नशा मुक्त बनाने में सहयोग करने का आह्वान किया गया। इस अवसर पर जिला मास्टर ट्रेनर शैलेंद्र खरे ने कहा कि विकसित भारत का सपना तभी साकार होगा, जब हमारा युवा वर्ग एवं श्रमिक वर्ग नशे से मुक्त होकर राष्ट्र निर्माण में अपनी सक्रिय भूमिका निभाएगा। नशा केवल व्यक्ति को ही नहीं बल्कि परिवार और समाज को भी प्रभावित करता है।

कार्यक्रम में उपस्थित नागरिकों एवं मजदूरों ने नशा न करने तथा दूसरों को भी नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित करने की शपथ ली। अभियान के माध्यम से जिले के ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में लगातार जनजागरूकता गतिविधियां संचालित की जा रही हैं, जिससे नशा मुक्त एवं स्वस्थ समाज के निर्माण का लक्ष्य प्राप्त किया जा सके।

# रसोइयों की कुकिंग प्रतियोगिता आयोजित

**भांडेर, 19 जून।** मध्यान्ह भोजन (एमडीएम) योजना के अंतर्गत कार्यरत रसोइयों की विकासखंड स्तरीय कुकिंग प्रतियोगिता का आयोजन संपन्न हुआ। इस अवसर पर बीआरसीसी पुरुषोत्तम पाठक ने प्रतियोगिता की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए बताया कि इस आयोजन का उद्देश्य मध्यान्ह भोजन की गुणवत्ता, पोषण स्तर एवं स्वच्छता के प्रति रसोइयों को प्रोत्साहित करना है। मुख्य अतिथि विजेंद्र यादव ने प्रतिभागी रसोइयों के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि बच्चों के बेहतर स्वास्थ्य एवं पोषण में रसोइयों की महत्वपूर्ण भूमिका है।प्रतियोगिता में तैयार व्यंजनों का मूल्यांकन स्वाद, पोषण, स्वच्छता एवं प्रस्तुतीकरण के आधार पर किया गया। प्रतियोगिता में मा रहकोला देवी स्वयं सहायता समूह, माध्यमिक विद्यालय बीसलपुरा ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रथम पुरस्कार प्राप्त किया।



शिवाजी स्वयं सहायता समूह, सांदीपनि विद्यालय भांडेर एवं मां वछेतर स्वयं सहायता समूह, माध्यमिक विद्यालय विछोदना को संयुक्त रूप से द्वितीय पुरस्कार प्रदान किया गया। वहीं मां अन्नपूर्णा देवी स्वयं सहायता समूह, प्राथमिक विद्यालय धमना को तृतीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया। विजेता समूहों को अतिथियों द्वारा पुरस्कार एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। अंत में सभी प्रतिभागियों को उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए शुभकामनाएं दी गईं।

## परीक्षा केन्द्रों पर कार्यपालिक मजिस्ट्रेट रहेंगे तैनात

**दतिया, 19 जून।** जिले में नीट-2026 राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा यूजी तीन परीक्षा केन्द्रों पर 21 जून को दोपहर 2 बजे से सायं 5.15 बजे तक आयोजित की जाएगी। कलेक्टर श्री स्वप्निल वानखड़े ने आदेश जारी कर परीक्षा केन्द्रों पर अधिकारियों, कार्यपालिक मजिस्ट्रेटों की ड्यूटी लगाई है।

## रथ को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

**मुलताई।** ब्लॉक के ग्रामो में मलेरिया के प्रति आम जन को जागरूक करने के लिए शुक्रवार को जिला चिकित्सालय के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मनोज हुरमाड़े के निर्देश पर मलेरिया रथ का मुलताई अस्पताल भेजा गया। जिसे बीएमओ डॉ. गजेन्द्र मीणा द्वारा हरी मंडी दिखाकर विकासखण्ड के ग्राम कोल्हिया, हतनापुर, जामगांव, बरई, परमंडल एवं अन्य ग्रामों में रवाना किया।

# माता-पिता के साथ मारपीट करने वाले पुत्रों को कारावास

**मुलताई, 19 जून।** थाना क्षेत्र के ग्राम भिलाई में माता पिता क पालन पोषण ना करते हुए उनके साथ मारपीट करने वाले पुत्रो को न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी मुलताई द्वारा 3-3 माह के कारावास एवं एक एक हजार रुपए के अर्थदंड से दंडित किया है। प्रकरण में अभियोजन की ओर से पैरवी करने वाली वरिष्ठ सहायक जिला लोक अभियोजन अधिकारी श्रीमती मालिनी देशराज एवं सहयोगी शुभांगी मंगल ने बताया कि बीते 5 दिसंबर 2020 को फरियादिया ने थाने में रिपोर्ट लिखाई कि उसके बड़े बेटे गजानंद ने और अमरलाल ने भिलाई स्थित 12 एकड़ भूमि कब्जा कर लिया है और हम माँ बाप को अलग कर दिया है ,हमारा भरण पोषण भी दोनो नही कर रहे है । हम वृद्ध राशन पानी अनाज, दवा के लिये खर्चा मांगते है तो लड़ झगड़ कर मारते पीटते है घर से बाहर कर देते है सबसे छोटा बेटा मजदूरी कर जैसे तैसे खाने की व्यवस्था कर पाता है मजदूरी नहीं मिलने पर हम बुढा बुढिया को भूखे पेट रहना पडता है हम बहुत लाचार हो गये हम दोनों से ठीक से चल पाना भी असंभव हो गया है आसपास के लोगो से मांग कर खाने पर अमरलाल हमे गंदी गंदी गालिया मारपीट पीटता एवं गला दबाकर मार डालने की धमकी देता है।

## परीक्षा खत्म होते ही कांग्रेस का मिशन युवा संवाद

**बैतूल।** पेपर लीक के मुद्दे पर कांग्रेस ने आक्रामक रणनीति अपनाते हुए सीधे युवाओं और उनके अभिभावकों के बीच पहुंचने का फैसला किया है। पिछले 12 वर्षों में नीट समेत 90 से अधिक प्रतियोगी परीक्षाओं के प्रश्नपत्र लीक होने के आरोपों को मुद्दा बनाकर जिला कांग्रेस कमेटी 21 जून को आयोजित होने वाली नीट परीक्षा समाप्त होते ही जिले के विभिन्न परीक्षा केंद्रों के बाहर संपर्क अभियान चलाएगी और केंद्र की मोदी सरकार को घेरने का प्रयास करेगी। जिला कांग्रेस अध्यक्ष एवं पूर्व विधायक निलय विनोद डागा ने युवा कांग्रेस और एनएसयूआई के पदाधिकारियों से परीक्षा समाप्त होने के तुरंत बाद परीक्षार्थियों और उनके अभिभावकों के बीच पहुंचकर संवाद स्थापित करने की अपील की है।

# सड़क हादसे : 5 माह में 467 सड़क हादसे, 194 की मौत, 502 घायल

**नवभारत न्यूज**

**बैतूल, 19 जून.** जिले में वाहन चालकों के लिए सडक सुरक्षा एक गंभीर मुद्दा बन चुका है। हेलमेट की अनदेखी, नियमों को ताक पर रखना और तेज गति से वाहन चलाने के कारण सडक हादसों में तेजी से इज़ाफा हो रहा है।

अभी 5 माह यानि जनवरी से मई तक 467 सडक हादसे हो चुके है। जिसमें 194 लोगों की जान चली गई, वहीं 502 घायल हुए है। इसमें सबसे महत्वपूर्ण युवा बाइक सवारों के हेलमेट का उपयोग नहीं करने और लापरवाह तरीके से तेज रफ्तार बाइक दौड़ाने की आदतें, सडक दुर्घटनाओं की बड़ी वजह बन रही हैं। सडक हादसे रोकने के लिए पुलिस और ट्रॉफिक पुलिस सड़क पर उतरकर लोगों को जागरूक भी करती है, मगर इसका कोई असर नहीं दिख रहा। कुछ वर्षों की बात की जाए को सबसे अधिक दुर्घटनाएं बाइक सवारों के कारण हुईं, जो तेज रफ्तार और हेलमेट न पहनने के कारण गंभीर रूप से घायल हुए या अपनी जान गंवा बैठे। यातायात पुलिस का साफ कहना है, कि हेलमेट सुरक्षा का सबसे महत्वपूर्ण उपकरण है, खासकर बाइक सवारों के लिए। सड़क दुर्घटनाओं में सबसे अधिक जानलेवा चोटें सिर पर ही आती हैं। सिर पर गंभीर चोट लगने से दुर्घटना में मृत्यु का खतरा 60 प्रतिशत तक बढ़ जाता है। यही कारण है कि हेलमेट पहनने को अनिवार्य किया गया है, लेकिन शहर में हेलमेट पहनने की आदत बहुत कम है, जिससे हर वर्ष कई जानें चली जाती हैं। हेलमेट न पहनने के कारण हर वर्ष मृत्युदर और घायलों की संख्या बढ़ती जा रही है। यदि हेलमेट का सही तरीके से उपयोग किया जाए, तो यह सिर की सुरक्षा करता है और दुर्घटना के दौरान होने वाली चोटों को काफी हद तक कम करता है।

**जागरूकता की कमी या फिर जिंदगी से प्यार नहीं :** यातायात पुलिस के द्वारा वसूले गये जुर्माने की राशि बताती है कि किस तरह से लोग हेलमेट को नजरअंदाज कर रहे हैं और दोपहिया वाहन चालक हेलमेट लगाना पसंद नहीं कर रहे हैं, लेकिन ऐसे में सवाल यही है कि आखिर अर्थदंड होने के बाद भी लोग हेलमेट लगाना क्यों पसंद नहीं करते है।

क्या जागरूकता की अभी भी लोगों में कमी है या फिर उन्हें अपनी जिंदगी से प्यार नहीं है। जिले और शहर में कुछ सालों में वाहनों की संख्या में वृद्धि हुई है। सडकों पर ट्रॉफिक का दबाव बढ़ा है। सड़क हादसों में इजाफा हुआ है।

### हेलमेट जरूरी, फिर भी इसे करते हैं नजरअंदाज

बढ़ती सडक दुर्घटनाओं को देखते हुए प्रशासन गंभीर है। आये दिन अभियान चलाकर ट्रॉफिक पुलिस हेलमेट न पहनने वाले वाहन चालकों पर कार्रवाही करती है, लेकिन असर नजर नहीं आ रहा। बैतूल जिले की सडकों पर चालक बिना हेलमेट पहने धड़ल्ले से दो पहिया वाहन दौड़ाते हैं। पुलिस से बचने के लिए कई वाहन चालक हेलमेट साथ लेकर जरूर चलते हैं, लेकिन सिर पर नहीं पहनते। ऐसे में सवाल यही उठता है कि आखिर दुपहिया वाहन चालकों के लिए जब हेलमेट लगाना अनिवार्य है, फिर क्यों लोग अपनी आदत में सुधार नहीं ला रहे।

# नदी का अस्तित्व बचाने सामाजिक संस्थाओं ने सौंपा ज्ञापन

**नवभारत न्यूज**

**सेवढ़ा, 19 जून।** नगर से निकली प्रसिद्ध सिंध नदी सनकुआ क्षेत्र प्रदूषण रहित रहे इसके लिए नगर की सामाजिक संस्थाओं ने एसडीएम कार्यालय पहुंचकर जिला कलेक्टर के नाम एसडीएम सेवढ़ा को ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन में उल्लेख किया है कि पीओपी, थर्माकोल,कांच के टुकड़े, पन्नी जैसी चीजें नदी के साथ साथ जलीय जीवों को नुक्सान पहुंचातीं हैं। साथ ही प्रदूषण फैलता है। अत: मूर्ति विसर्जन हो या ताजिया विसर्जन हो। इस दौरान कई ऐसे पदार्थ जो नदी के पानी में अघुलनशील हैं नुकसान दायक होते हैं। ये पदार्थ पानी में घुलकर जलीय जीवों के लिए हानिकारक होते हैं। और नहाने आने वालों के निए भी परेशानी का सबब बनते हैं। ज्ञापन में मांग की है कि एनजीटी के नियमों का सही पालन करते हुए नदियों का अस्तित्व बचाया जाए। समाज पर दोहरा मापदंड न अपनाया जाए।



ज्ञापन देने वालों में श्री बिहारी जी शिक्षा प्रसार समिति नवांकुर संस्था, महाविद्या शिक्षा प्रसार समिति नवांकुर संस्था, श्री राधिका शरण शिक्षा प्रसार जन कल्याण शिक्षा समिति नवांकुर संस्था, नगर विकास प्रस्फुटन समिति, ऋषि सनकादि साहित्य एवं कला समिति सहित पर्यावरण प्रेमियों ने संयुक्त रूप से ज्ञापन दिया। ज्ञापन देते समय डॉ. उत्तम कुमार शर्मा, अनिल पुजारी, भूपेंद्र सिंह राणा, दिलीप सक्सेना, शिवम गोस्वामी, रवि चौहान, अमित पाठक, मंगल पांडे, नीरू चौहान, कमलेश चौबे, निरंजन दत्त श्रोत्रिय आदि जन उपस्थित रहे।

## थर्माकोल, कांच व पन्नी से बने ताजियों का विसर्जन रोका जाए

ज्ञापन के माध्यम से माँग की गई है कि नदी में कोई भी हानिकारक पदार्थ जैसे थर्माकोल, कांच व पन्नी से बने ताजियों का विसर्जन रोका जाए। क्योंकि इससे पूरे नदी का पानी प्रदूषित होता है। पूरे विश्व में जल संरक्षण के उपाय किए जा रहे हैं जिस दिशा में भारत में भी केंद्र सरकार और राज्य सरकार के सानिध्य में मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद से जुड़ी नवांकुर संस्थाएं, प्रस्फुटन समितियां, स्टूडेंट्स आदि जल संरक्षण का कार्य नदियों व तालाबों इत्यादि की साफ सफाई का कार्य कर रहे हैं ।

## चेक बाउंस मामले के आरोपी को डेढ़ साल का कारावास

**मुलताई।** युवक द्वारा सेन्ट्रल बैंक आफ इण्डिया शाखा मुलताई से लिया गया 10 लाख रुपए का ऋण वापस नही करना महंगा पड़ा। अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट मुलताई ने आरोपी युवक को डेढ़ साल के साधारण कारावास से दंडित किया है, वहीं आरोपी को आदेशित किया है कि बैंक को ब्याज सहित 12 लाख 31हजार 544 रुपए जमा करे। अधिवक्ता सुनील बिहारिया ने बताया आरोपी दानिश पिता विश्वनाथ सुपटकर निवासी शास्त्री वार्ड मुलताई ने सीसी लिमिट मुद्रा योजना के अंतर्गत सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया शाखा मुलताई से 24 मार्च 2021 को 10 लाख रुपए का ऋण लिया था तथा ऋण की राशि नियत अवधि में अदा करने का करार किया था लेकिन ऋण राशि नियत अवधि में अदा करने में असफल रहा,आरोपी द्वारा प्राप्त ऋण मय ब्याज के 10 लाख 63 हजार 969 रुपए हो चुका है, जो बकाया है।